जनपद हमीरपुर

दिनांक 07.04.2026

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन जनपद हमीरपुर में प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों का साक्षात्कार (इंटरव्यू) लिया गया।

पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन, जनपद हमीरपुर में प्रशिक्षणरत रिक्रूट आरक्षियों का साक्षात्कार (इंटरव्यू) लिया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने रिक्रूट आरक्षियों से उनके प्रशिक्षण की प्रगति, अनुशासन, कानून-व्यवस्था से संबंधित ज्ञान, व्यवहारिक दक्षता एवं पुलिस कार्यप्रणाली के प्रति उनकी समझ का गहन परीक्षण किया। साक्षात्कार के दौरान आरक्षियों से विभिन्न परिस्थितियों में पुलिस की भूमिका, आमजन से संवाद स्थापित करने की क्षमता तथा आपातकालीन स्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई के संबंध में भी प्रश्न पूछे गए, जिससे उनकी व्यवहारिक समझ का मूल्यांकन किया जा सके।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं अनुशासन को अपने जीवन का मूलमंत्र बनाने हेतु प्रेरित किया गया। उन्होंने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज के प्रति समर्पित सेवा का माध्यम है, जिसमें संवेदनशीलता एवं निष्पक्षता अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान एवं कौशल को व्यवहारिक जीवन में प्रभावी रूप से लागू करने पर विशेष बल दिया।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।